8
अध्याय

गैर सरकारी संगठन के साथ भागीदारी

8.1 परिचय

इस मंत्रालय का एनजीओ प्रभाग पिछले वर्ष तक प्रजनन बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रमुख एनजीओ/फील्ड एनजीओ को तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए क्षेत्रीय संसाधन केंद्र (आरआरसी) सहायता अनुदान जारी कर रहा था।

दिनांक 31.01.2014 को संशोधित एनजीओ दिशा–निर्देश जारी होने के साथ ही, आरआरसी को सहायता अनुदान संबंधित राज्यों के माध्यम से भेजा जाना है। केंद्र स्तर पर सरकार द्वारा सीधे निधियन को वित्तीय वर्ष 2014–15 से रोक दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2013–14 के दौरान आरआरसी को दिए गए सहायता अनुदान का विवरण नीचे सारणी में दिया गया है।

2013–14 के दौरान क्षेत्रीय संसाधन केंद्रों (आरआरसी) को जारी सहायता अनुदान का विवरण

क्र.सं.	आरआरसी का नाम	जारी राशि 2013–14
1.	स्वास्थ्य शिक्षा प्रशिक्षण और पोषण जागरूकता केंद्र (चेतना), गुजरात	24,94,245
2.	भारतीय स्वैच्छिक स्वास्थ्य संघ, (वीएचएआई) नई दिल्ली	10,00,000
3.	ममता–माता एवं शिशु स्वास्थ्य संस्थान, नई दिल्ली	10,00,000
4.	हिंदुस्तान लेटेक्स परिवार नियोजन संवर्धन ट्रस्ट (एचएलएफपीपीटी), आंध्रप्रदेश	----
5.	चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सीआईएनआई), कोलकाता (प. बंगाल)	18,25,000
6.	भारतीय जनसंख्या संस्थान (पीएफआई), नई दिल्ली	----
7.	स्वास्थ्य शिक्षा, ओडिशा	----
8.	भारतीय परिवार नियोजन संघ (एफपीएआई), मुबंई	5,00,000
9.	गांधीग्राम ग्रामीण स्वास्थ्य और परिवार कल्याण ट्रस्ट संस्थान, तमिलनाडु	2,63,881 (प्रतिपूर्ति अनुदान)
10.	असम स्वैच्छिक स्वास्थ्य संघ (वीएचएए) असम	----
	कुल	**70,83,126**